कक्षा – 7

पाठ – 10

अपुर्व अनुभव

प्रश्न उत्तर लिखो –

प्र.1 यासुकी–चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो – चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

उ0. यासुकी–चान को पोलियो था। उसके हाथ–पैर इतने कमजोर थे कि वह अन्य बच्चों की तरह पेड़ पर चढ़ नहीं पाता था। तोत्तों–चान की हार्दिक इच्छा थी कि यासुकी–चान हर हालत में उसके पेड़ पर चढ़े और वहाँ से दुनिया की तमाम नई–नई चीज़े देखें। इसलिए उसने यासुकी चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया।

प्र.2 यासुकी–चान के लिए पेड़ पर चढ़ने का यह .... अंतिम मौका था। इस अधूरे वाक्य को पूरा कीजिए और लिखकर बताइए कि लेखिका ने ऐसा क्यों लिखा होगा ?

उ0. यासुकी–चान के लिए पेड़ पर चढने का यह पहला और अंतिम मौका था। लेखिका ने ऐसा इसलिए कहा होगा क्योंकि यासुकी–चान पोलियों ग्रस्त था। इसलिए स्वयं पेड़ पर चढ़ने में असमर्थ था। और तोत्तों–चान सबसे झूठ बोलकर इतनी मेहनत हमेशा नहीं कर सकती थी।

प्र.3 अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तों–चान की नज़रें नीचे क्यों थीं ?

उ0. तोत्तों–चान को झूठ बोलने की आदत नहीं थी। उसे लग रहा था कि कहीं उसका झूठ पकड़ा न जाए इसलिए अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तों–चान की नज़रें नीचे थी।

प्र.4 आना प्रत्यय से बनने वाले चार सार्थक शब्द लिखिए।

1 गरमाना

2 शर्माना

3 घबराना

4 अपनाना

Edit with WPS Office